52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 23.1°c | अधिकतम 25.8°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:02 सूर्यास्त : 6:26 | वर्ष : 52/ अंक : 254 | शुक्रवार, 13 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

खुशियां चाहे किसी के साथ भी बांट लो, पर गम हमेशा भरोसेमंद इंसान के साथ ही बांटना चाहिए।

सपा के डीएनए ही में गुंडई और अराजकता है : ब्रजेश पाठक

गुंडई और अराजकता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं.....

एक झपकी ने सुलाया चार को मौत की नींद

सड़क हादसे में मृतक चारों युवकों के फाइल फोटो

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर में लगातार लापरवाहियों से दुर्घटना के दौरान आए दिन लोगों की मौत हो रही है। हाल ही में बुढ़ाना में एक ट्रक ड्राइवर को नींद की झपकी आ गयी थी और उसकी ट्रक में ही मौत हो गयी थी, ऐसी ही कई घटनाएं मुजफ्फरनगर में होने के बाद आज गुरूवार की सुबह 5 बजे ऐसी ही एक दुखद घटना की सूचना मिली, जिसमें ड्राइवर को मामूली सी झपकी आई और ट्रांसपोर्टनगर के पास दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर अर्टिका गाड़ी में सवार सात लोग ट्रक में जा घुसे, जिनमें मौके पर ही चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो लोगों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया था। बताया जाता है कि उक्त सभी अलीगढ़ जनपद के गांव गोंडा निवासी थे। इन सबकी आपस में दोस्ती थी। उक्त सभी का रेडीमेड का कारोबार है। हादसे में मृतकों की पहचान भोला पुत्र महेन्द्र, गिरिन पुत्र शिवचरण, जुगल पुत्र ललित कुमार, राहुल पुत्र बृजवीर निवासी अलीगढ़ गोंडा की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि ड्राईवर राजू निवासी रतनपुरी, बबलू पुत्र ओमप्रकाश, मांगेराम गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार में फंसे इन तीनों को भारी मशक्कत के बाहर बाहर निकाला। बताया जाता है कि चालक राजू व व्यापारी मांगेराम को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और अपने-अपने परिजनों के शरीर अपनी सुपुर्दगी में लिये। चर्चा है कि उक्त सभी लोग उत्तराखण्ड के ओली में केदारनाथ घूमने के लिए जा रहे थे।

कागज के टुकड़े की तरह फट गयी गाड़ी की छत

मुजफ्फरनगर। दुर्घटना के बाद जब पुलिस व प्रत्यक्षदर्शियों ने दुर्घटना का नजारा देखा और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई तो उक्त तस्वीरें देखकर लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। गाड़ी में आगे बैठा व्यक्ति डैश बोर्ड पर मृत पड़ा मिला। वहीं अर्टिका गाड़ी की छत इस तरह फटी हुई थी जैसे किसी ने कोई कागज फाड़ दिया हो। ऐसे भयावह दृश्य को देखकर ही लोगों ने अंदाजा लगा लिया कि गाड़ी की रफ्तार कितनी तेज होगी। लोगों को यह भी जानकारी नहीं मिल पाई कि इस गाड़ी में एयर बैग थे या नहीं, क्योंकि आजकल अधिकांश गाड़ियों में ऐयर बैग आते हैं, मगर कभी कभी हम लालच के चलते बिना एयर बैग वाली गाड़ी लेकर चल देते हैं, जो दुर्घटना होने पर हमारा बचाव नहीं कर पाती। एयर बैग वाली गाड़ियों में बचने के मौके फिर भी होते हैं।

नहीं रुक रहा लापरवाही का सिलसिला

मुजफ्फरनगर। देश में अधिकांश दुर्घटनाएं अपनी ही लापरवाही से होती दिखाई पड़ रही हैं। अधिकांश दुर्घटनाओं का जब मंथन किया जाता है तो या तो तेज रफ्तार या फिर नींद की झपकी ही दुर्घटना का कारण बनती है और उसी में दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो जाती है मगर फिर भी प्रत्येक व्यक्ति अति आत्मविश्वास में ऐसी दुर्घटनाएं देखने के बाद भी यही सोचता है कि मेरे साथ ऐसा कभी नहीं होगा। जब से राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं, तब से वाहन चालकों की रफ्तार भी डेढ़ गुनी हो चुकी है। पहले जहां गड्ढेदार सड़कों में चालक चाहकर भी 50-60 किमी. प्रति घंटा की स्पीड से ऊपर गाड़ी नहीं चला सकता था, वहीं आज सरपट सड़कों के कारण गाड़ी के स्पीड मीटर की सुई 100 से नीचे उतरती ही नहीं। दूसरा रात में ट्रैफिक लोड कम होने के कारण भी लम्बे रूट के यात्री गाड़ियां चलाने लगे हैं। रात्रि में 2 से 4 बजे के बीच मनुष्य की प्रकृति के मुताबिक एकाध नींद की झपकी आ ही जाती है और यही झपकी मौत का कारण बनती है। गुरूवार को हुई दुर्घटना में एक झपकी ने चार लोगों को मौत की नींद सुला दिया। मगर क्या इससे हम भी कोई सबक लेंगे या नहीं या फिर यही सोचकर नजर अंदाज कर देंगे कि ऐसा हमारे साथ नहीं होगा।

गोंडा के 300 घरों में नहीं जले चूल्हे

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर में हुए हादसे में चार व्यापारियों की मौत के बाद जानकारी मिली कि अलीगढ़ के गोंडा निवासी अंकुर अग्रवाल होलसेल के कपड़ा व्यापारी हैं और उन्होंने गोंडा के व्यापारियों को कपड़ा बेचने का टारगेट दिया था और उक्त टारगेट पूरा होने के बाद उन्होंने चुने गये 21 व्यापारियों को पैकेज के रूप में केदारनाथ-बद्रीनाथ के साथ ही औली हिल स्टेशन की यात्रा कूपन दिया था। इन सभी व्यापारियों का जत्था अलग-अलग तीन गाड़ियों से उत्तराखंड के लिए बुधवार की रात अलीगढ़ से निकला था। हादसे वाली अर्टिगा कार में सात लोग सवार थे। बताया जाता है कि उक्त 21 व्यापारियों का एक ही मौहल्ले में मकान भी है, जिस कारण हादसे के बाद जब गोंडा अलीगढ़ निवासी चार युवकों की मौत की खबर मौहल्ले में पहुंची तो पूरे मौहल्ले ने भोजन तक नहीं बनाया। बताया यह भी जाता है कि मृतक विपिन उर्फ भोला के भाई यशपाल गुप्ता ने यह कहते हुए मुकदमा दर्ज कराया है कि ट्रक की पिछली लाइटें जल ही नहीं रही थी, जिस कारण उक्त गाड़ी ट्रक में जा ठुकी। यशपाल गुप्ता के अनुसार ट्रक चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है।

मुजफ्फरनगर शहर के युवक का गोली लगा शव ढ़ाबे के शौचालय में मिला

▶ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

छपार, 12 सितम्बर (बु.)। शहर के युवक का गोली लगा शव सहारनपुर रोड के ढाबे के शौचालय में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया। पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है। उसके पास से तमंचा भी पड़ा मिला। बताया गया कि मुजफ्फरनगर शहर के प्रेमपुरी मौहल्ले के निवासी 24 वर्षीय दीपक सिंघल पुत्र अनुज सिंघल का शव छपार थाना क्षेत्र के रोहाना रोड पर स्थित न्यू पंजाबी ढाबे के शौचालय में पड़ा मिला। सूचना पर रामपुर तिराहा चौकी इंचार्ज आशुतोष कुमार सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा अफसरों को जानकारी दी। छपार थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ ही सीओ सदर व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। चौकी इंचार्ज आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पास से 315 बोर का तमंचा भी पड़ा मिला। माना जा रहा है कि युवक ने शौचालय में घुस अन्दर से कुंडी बंद कर गोली मार आत्महत्या की है। उसके जबड़े के नीचे गर्दन पर गोली लगी है। मृतक का काफी खून बह चुका था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच पड़ताल में जुटी है।

पांच रुपये का लालच देकर पांच साल के बालक के कुकर्मी को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)। पांच साल के बालक को पांच रुपये देने का लालच देकर कुकर्म करने वाले को अदालत ने उम्रकैद और पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 मार्च 2021 को थाना खतौली के एक गांव में आरोपी जबर सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी ग्राम जसौला के खिलाफ थाना खतौली में घर के पास खेल रहे 5 साल के बालक को घर में बुलाकर कुकर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कुकर्म के शिकार बच्चे ने घटना की जानकारी

पोक्सो कोर्ट ने दुष्कर्मी पर पचास हजार का जुर्माना भी लगाया

परिजनों को देते हुए बताया कि जबर सिंह ने उसे पांच रुपये देने का लालच देते हुए अपने घर पर बुलाया और उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद उसके पिता ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि जबर सिंह ने घर के पास खेल रहे उसके पांच साल के बेटे को लालच देकर बुलाया और उसके साथ कुकर्म किया। मामले की सुनवाई विशेष पॉस्को में हुई। इसमें अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रदीप बालियान व दिनेश कुमार शर्मा ने आरोपों को सिद्ध करने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत किए। मामले की सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट की पीठासीन अधिकारी श्रीमति मंजुला भालोटिया ने आरोपी जबर सिंह को उम्रकैद व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सीएम योगी ने बदले मंत्रियों के प्रभार

सोमेंद्र तोमर मुजफ्फरनगर, अनिल मुरादाबाद व कपिल को बिजनौर व हापुड़ का जिम्मा

लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)। सीएम योगी ने जिले के प्रभारी मंत्रियों के जिलों में बदलाव कर दिया है। माना जा रहा है कि यह बदलाव लोकसभा चुनाव के परिणामों और आने वाले दस सीटों में होने वाले उपचुनावों को देखते हुए किया गया है। इन बदलावों में सभी 53 मंत्रियों का जिला बदला गया है। दो डिप्टी सीएम को किसी भी जिले का प्रभारी नहीं बनाया गया है। उनके पास पहले भी जिलों का प्रभार नहीं था। जिसमें कैबिनेट मंत्री के साथ राज्य प्रभार वाले प्रभार वाले मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। अयोध्या और आजमगढ़ देख रहे मंत्री सूर्य प्रताप शाही को लखनऊ और संत कबीर नगर का प्रभार दिया है। इस तरह वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही जो लखनऊ और गोरखपुर देख रहे थे को अंबेडकर नगर का प्रभारी बनाया गया है। वाराणसी के प्रभारी रहे मंत्री जयवीर सिंह को वहां से हटा लिया गया है। उन्हें प्रयागराज और रायबरेली का प्रभार दिया गया है। सीएम योगी ने मंत्रियों को लिखे पत्र में कहा है कि सभी मंत्रियों को रात्रि निवास करना चाहिए। मंत्रियों को चाहिए वह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें।

'आपराधिक मामले में संलिप्तता संपत्ति ध्वस्त करने का आधार नहीं': हाईकोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से संपत्ति को ध्वस्त करने की कार्रवाई पर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत में तीन जजों की पीठ ने गुजरात के नागरिक निकाय को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश भी दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामले में आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराने की धमकी नहीं देने का आदेश दिया। अदालत ने साफ किया कि अपराध में आरोपी की कथित संलिप्तता संपत्ति को ध्वस्त करने का कोई आधार नहीं माना जा सकता।

हरियाणा के स्टार प्रचारकों की सूची में संजीव बालियान शामिल

नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित 40 लोगों के नाम शामिल हैं। इस सूची में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ.संजीव बालियान व अभिनेत्री हेमा मालिनी का नाम भी शामिल किया गया है।

सड़कों पर उतरे एआरटीओ, घंटों तक मचा रहा हड़कंप

▶ ओवरलोड वाहनों पर लगाया 8 लाख रुपए का जुर्माना
▶ एआरटीओ ने टाटा मैजिक गाड़ी को किया सीज

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। शासन के निर्देशों के बीच ऐसे ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने की दिशा में सघन चैकिंग अभियान चलाया, जो सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनने के साथ हादसों के कारण बन रहे हैं। गुरूवार को इस कड़ी में एआरटीओ सुशील मिश्रा ने विभिन्न मार्गों पर अपनी टीमों के साथ सघन चेकिंग अभियान के बूते तमाम ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसते हुए दर्जनों वाहनों पर कार्रवाई करते हुए करीब 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ एक टाटा मैजिक गाड़ी को सीज भी कराया।

शासन के निर्देशों पर चलाए ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध छेड़े अभियान को सार्थक एवं प्रभावी रूप देने की दिशा में शुरू पहल पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा ने जिले में विभिन्न मार्गों पर अपनी टीम के साथ में चैकिंग अभियान चलाया। टीम ने इस बीच सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसते हुए एक दर्जन वाहनों पर कार्रवाई करने के साथ उनके चालान काटे और करीब 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। एआरटीओ के सख्त रूख से जहां ओवरलोड वाहन चालकों व इसमें संलिप्त लोगों में अफरातफरी मची रही। वहीं इस अभियान के चलते विभिन्न मार्गों पर बड़े वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए वाहनों को मार्गों के किनारे खड़ा कर इधर-उधर हो गए। वाहन चालक एआरटीओ विभाग द्वारा की गई कार्रवाई व इस अभियान के समाप्त होने की जानकारी लेते दिखाई दिए। एआरटीओ सुशील मिश्रा ने चेतावनी दी कि जनपद में मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ कोई भी वाहन मार्ग पर मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओवरलोड वाहनों को किसी सूरत में मार्गों पर नहीं चलने दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में चले अभियान के दौरान करीब एक दर्जन ओवरलोड ट्रकों की जांच के बाद उन पर जुर्माना भी लगाया गया, वहीं एक मैजिक गाडी को सीज किया गया।

स्वर्ण विजेता नवदीप की इच्छा पूरी करने के लिए जमीन पर बैठे मोदी

नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पैरा एथलीटों के साथ मुलाकात की और उनसे चर्चा की। इस दौरान भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नवदीप सिंह ने मोदी को टोपी उपहार में देनी चाही, जिसका मान रखते हुए वह जमीन पर बैठ गए। दरअसल, नवदीप प्रधानमंत्री को खुद से टोपी पहनाना चाहते थे इसलिए मोदी जमीन पर बैठ गए और इस तरह उन्होंने नवदीप की इच्छा पूरी की। पीएम को इस व्यवहार का वहां मौजूद सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया। नवदीप एफ41 वर्ग में 47.32 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर थे, लेकिन ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनके रजत पदक को स्वर्ण में बदल दिया गया था। सयाह को बार-बार आपत्तिजनक झंडा प्रदर्शित करने के लिए अयोग्य घोषित किया गया। वह अपनी हरकतों से स्वर्ण पदक गवां बैठे।

पूर्व पत्नी का हाईटेंशन हंगामा, पति बोला दूसरे से कर चुकी है शादी

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दधेड़ू में पीड़ित पति फुरकान ने जानकारी देते हुए बताया कि दस वर्ष पूर्व उसकी शादी क्षेत्र की ही दिलरूबा के साथ हुई थी, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। मगर कुछ समय पूर्व दिलरूबा दोनों बच्चों को छोड़कर अपने आशिक मुनीर के साथ भाग गई थी और गाजियाबाद में जाकर कोर्ट मैरिज भी कर ली थी। उसके साथ एक महीना रहने के बाद आरोप है कि मुनीर दिलरूबा को धोखा देकर विदेश भाग गया था और विदेश भागने के बाद जब दिलरूबा को कोई सहारा नहीं मिला तो उसे फिर फुरकान की याद आ गई, लेकिन फुरकान ने उसे रखने से साफ इंकार कर दिया। इस दौरान फुरकान ने बताया कि दिलरूबा जब अपने प्रेमी मुनीर के साथ भाग गई थी, तो कोर्ट ने दोनों बच्चों को उसे सौंप दिया था और अब उसने जब दिलरूबा को रखने से मना कर दिया तो उसने उसके घर आकर हंगामा किया। उसे गन्दी गन्दी गालियां देते हुए लात मारकर तोड़फोड़ भी करने की कोशिश की, मगर फुरकान का कहना है कि जिस घर में उसने हंगामा किया है, फुरकान अब उस घर को अपनी बहन को बेच चुका है और अब दिलरूबा उसकी बहन को परेशान करने के लिए बार बार वहां जाती है, जिससे फुरकान की बहन का घर बर्बाद हो रहा है। फुरकान ने अपने भांजे अब्दुल्लाह के साथ गुहार लगाई कि पुलिस उसे न्याय दिलाने का काम करे और जो महिला भाग कर किसी ओर के साथ जा चुकी है, वह अब उसकी पत्नी कैसे हो सकती है और इन सबके बावजूद उसका कोई हक उसकी बहन के घर पर हंगामा करने का नहीं रह गया है। पुलिस से गुहार लगाते हुए फुरकान ने अपनी पूर्व पत्नी से छुटकारा दिलाने के लिए पुलिस की मदद मांगी है।

माकपा नेता सीताराम येचुरी नहीं रहे

नयी दिल्ली 12 सितंबर (वार्ता) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी का लम्बी बीमारी के बाद गुरुवार को नयी दिल्ली के अखिल भारतीय

आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। श्री येचुरी को 19 अगस्त को फेफड़ों में संक्रमण की शिकायत के एम्स में भर्ती कराया गया था। वह गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) भर्ती थे। तबियत ज्यादा खराब होने के बाद उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था, जहां उन्होंने आज अंतिम सांस ली। श्री येचुरी 2015 पार्टी के महासचिव चुने गये थे। वह राज्यसभा के सदस्य रह चुके थे। उन्हें 2016 में सर्वश्रेष्ठ सांसद का सम्मान दिया गया था।

खतौली पुलिस ने पांच टप्पेबाजों को किया गिरफ्तार

▶ सोने और चांदी के जेवरों सहित हुण्डई कार भी की गई बरामद
▶ अकेली महिलाओं को देखकर बदमाश ठगी कर उड़ाते थे माल

खतौली, 12 सितम्बर (बु.)। नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने चार्ज ग्रहण करने के पहले दिन ही महिलाओं को सम्मोहित कर उनके साथ जेवर व नगदी की ठगी करने वाले कुख्यात पांच अभियुक्तों को उनसे लूट के सोने चांदी के गहनें, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, तमन्चा व एक कार भी बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को खतौली कोतवाली का चार्ज ग्रहण करते ही कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने कस्बा चौकी इंचार्ज विक्रान्त कर्दम व उप निरीक्षक देवा सिंह के साथ टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देकर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच कुख्यात अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनसे लूट के सोने और चांदी के आभूषणों सहित एक तमन्चा, चाकू, बैंक की पासबुक, आधार कार्ड आदि सहित एक हुण्डई गाड़ी बरामद की है। सीओ खतौली राम आशीष यादव व कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मोहित कर उनसे लूटपाट की बढ़ती घटनाओं को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा टीम गठित कर ऐसे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम निरन्तर प्रयासरत बनी हुई थी। गुरूवार को कोतवाली पुलिस टीम द्वारा टप्पेबाजी की वारदात को अन्जाम देने वाले ऐसे पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम दिलशेर पुत्र अली हसन, तसलीम पुत्र फरदीन निवासी विजयनगर सैक्टर 11 प्रताप विहार चान्दबारी झुग्गी झोपड़ी जनपद गाजियाबाद हाल निवासी ग्राम पिपलहेड़ा थाना धोलना जनपद हापुड़, सिराजुद्दीन पुत्र साजत, रियाजुद्दीन पुत्र सिलकसा निवासी गांव पिपलहेड़ा थाना धौलना जनपद हापुड़ व सचिन पुत्र जुगमेन्द्र निवासी नया पंचवटी घंटाघर गाजियाबाद है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विभिन्न थानों में अनेक अभियोग दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त दिलशेर, तसलीम, सिराजुद्दीन सचिन और रियाजुद्दीन ने बताया कि वह अकेली महिलाओं को बातचीत के दौरान सम्मोहित कर उनसे नगदी व गहनें आदि की लूट कर गिरफ्तार अभियुक्त सचिन स्वर्णकार को बेच देते थे।

रेलवे स्टेशन पर मिला अज्ञात शव

मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)। रेलवे स्टेशन प्रांगण में एक बुजुर्ग व्यक्ति बेसुध हालत में पड़ा दिखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब वहां

जाकर देखा तो पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है। उसकी मृत्यु के कारण पर भी पुलिस कुछ बताने में सक्षम नहीं दिखी।

शुगर की मरीज महिला की मौत, अस्पताल में हंगामा

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। देवबंद थाना क्षेत्र के गांव गंगदासपुर की रहने वाली इंदिरा को बुधवार की शाम जानसठ रोड स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां शुगर लेवल कम होने पर महिला की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा करते हुए विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए कहा कि जिस समय महिला की हालत बिगड़ रही थी, उस समय अस्पताल का स्टाफ अपने मोबाइल चलाने में मशगूल था। हंगामे के बाद नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार के लोगों को समाने बुझाने के बाद उन्हें वापस भेज दिया।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 12 सितंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1500: पेड्रो अल्वरेज कैबरल कालीकट पहुंचा और भारत में पहली यूरोपीय (पुर्तगाली) फैक्टरी स्थापित की। 1791: फ्रांस के राजा लुई14वें ने नया संविधान अंगीकार किया। 1882: एंग्लो-मिस्र युद्ध: तेल अल केबिर की लड़ाई लड़ी गई। 1912: अमेरिकी अभिनेत्री रीटा शॉ का जन्म। 1914: प्रथम विश्व युद्ध: जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई। 1922: पोलैंड की संसद ने जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम पारित किया। 1923: स्पेन में सैन्य तख्तापलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने तानाशाह सरकार की स्थापना की। ट्रेड यूनियनों को 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। 1947: प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया। 1948: उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया। 1968: अल्बानिया वारसॉ संधि से अलग हुआ। 2000: भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फि डे शतरंज विश्व कप जीता। 2001: ओसामा बिन लादेन को पकड़ने हेतु अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव डाला। 2005: सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन देने के लिए अमेरिका ने मानकों की घोषणा की। 2006: इब्सा (भारत-ब्राजील-साउथ अफ्रीका त्रिगुटीय संगठन) का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू। 2007: रूस१ राष?ट्रपति ब?लादिमिर पुतिन ने प्रधानमंत्री मिखाइल फेदकोव के आग्रह पर केन्?द्रीय कैबिनेट भंग किया। 2008: दिल्ली में तीन स्थानों पर 30 मिनट के अंतराल पर एक के बाद एक चार बम विस्फोट हुए। इनमें 19 लोगों के मृत्यु और 90 से अधिक घायल। 2009: चन्द्रमा पर बर्फ.खोजने का इसरो-नासा का अभियान असफल हुआ। 2012: भारत के 21वें मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा का निधन। 2013: तालिबान आतंकवादियों ने अफगानिस्तान के हेरात शहर में अमेरिका के वाणिज्य दूतावास पर हमला किया। 2020: पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह का निधन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	73700	चांदी-	84700
सिक्का-	96000	गिन्नी-	55000

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पादित, निजी इच्छा की पूर्ति, दाम्पत्य जीवन में सुख-शांति का वातावरण, संभावित यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।
वृषभ- लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से असहयोग, परिवार में आपसी मतभेद, एकाग्रता का अभाव, यात्रा में परेशानी, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता।
मिथुन- कठिनाइयों का निराकरण, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, आत्मीयजनों से मधुरता, सुख के साधन निमित्त व्यय, बकाए धन की प्राप्ति।
कर्क- आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यापार में धन निवेश, धनलाभ का सुयोग, इच्छित कार्यों की पूर्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, पठन-पाठन में रुचि।
सिंह- समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में सफलता का सुअवसर प्राप्त, आपसी वैमनस्यता का समापन, आहार विहार में नवीनता।
कन्या- समय असंतोषजनक, स्वास्थ्य में प्रतिकूलता, सहयोगियों की गतिविधियों में मानसिक कष्ट, परिवार में अनावश्यक खर्च, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता।
तुला- परोपकार की भावना जागृत, आत्मसंयम से कार्य सिद्धि, निराशा का समापन, अध्यावसाय की ओर रुझान, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सुखद।
वृश्चिक- धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में सुख शांति का मार्ग प्रशस्त, विवाद का निर्णय पक्ष में, उपहार का लाभ।
धनु- मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, व्यापारिक उन्नति, स्वाध्याय में रुचि, पुरातन विवाद का समापन, भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी।
मकर- स्वास्थ्य में प्रतिकूलता, कार्यों में निराशा, आर्थिक प्रगति में अवरोध, पारस्परिक सम्बन्धों में तनाव, शंका-कुशंका से मतभेद, व्यक्ति विशेष से हानि संभव।
कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, जीवन साथी से मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, संभावित यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, लाभ भी।
मीन- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुयोग, कुछेक समस्याओं का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, सुख-शांति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भगवान श्री गणपति जन्म महोत्सव की घरों से लेकर मंदिरों तक रही धूमधाम

1108 किशमिश से हुआ भगवान गणेश का पूजन, भक्तों ने श्रद्धा से चढ़ाया भोग प्रसाद

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच भगवान श्री गणेश जन्मोत्सव के छठे दिन देश भर के साथ नई मंडी स्थित श्री गणपति खाटूश्याम मंदिर प्रांगण में विराजे गणपति जी महाराज को 1108 किशमिश से पं. भास्कर आचार्य ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी श्री गणपति महोत्सव की गुरूवार को धूम रही।
श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में प्रातः बेला में श्री गणपति महाराज की पं. भास्कर आचार्य के सानिध्य में उद्यमी भीम कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, चचा जेपी गोयल, रजत गोयल आदि ने पूजा अर्चना कराते हुए मंत्रोच्चार के साथ 1008 किशमिश से अभिषेक किया गया। वहीं भगत सिंह रोड पंचमुखी स्थित श्री तुलसा मंदिर में पं. हेमंत शास्त्री व जितेन्द्र कुमार, कमल तलवार, प्रियांक सिंघल, सतेन्द्र गोयल, प्रवीण गोयल, पंकज नामदेव, सुशील शर्मा आदि ने भगवान गणेश को नारियल भेंट करते हुए पूजा अर्चना व पूर्ण आहूति कर भंडारे का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस बीच प्रसाद ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर केशवपुरी के नानूपुरी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में 44वें गणेश जन्मोत्सव पर पंडित कृष्ण भारद्वाज के सानिध्य में त्रिलोक चंद खन्ना, चंद्रभान खन्ना, अजय पाल, अक्षय मुनि त्यागी, पं. जानकी पंत, अजय पाठक, अनिल मेहता आदि ने पूजा के साथ प्रसाद वितरित किया। इसी के साथ शहर के विभिन्न मंदिरों एवं घरों में श्री गणेश भक्तों द्वारा अपने परों पर विराजमान भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना कर उन्हें भोग लगाया तथा कीर्तन भजन आदि किए गए।

पीआर पब्लिक में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। पीआर पब्लिक स्कूल में अर्धवार्षिक सत्र में हुई पाठ्येत्तर गतिविधियों के विजेता रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र-पुरस्कार वितरित किए।
कार्यक्रम शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष प्रबंधन समिति सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय में अर्धवार्षिक सत्र तक पेपर बैग मेकिंग, मेहंदी, रंगोली-राखी मेकिंग, बांसुरी और मटकी डेकोरेशन, गणेश मेकिंग पाठ्येत्तर गतिविधि आयोजित किया। इसके विजेताओं में मुख्य रूप से अब्दुल रहीम, चिंकी मनन सिंघल, एकलव्य, आदिल, पर्व अरसलान, वंश, वंशिका, अवनी, मैत्री, समृद्धि, आर्या, प्रियांशु, भविष्य, तनिष्क, वर्णिक, सम्राट, तन्मय, यश, शगुन, वैष्णवी, सारा, विधि, वंशिका, सृष्टि, रवि, दीक्षा, विवेक, आशु, मुस्कान, आकृति, आतिफ, सम्राट, पीयूष, फैजान आदि शामिल रहे।
स्कूल निदेशक अनघ सिंघल ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को पाठ्येत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सम्मान व पुरस्कार उन लोगों को दे जाते हैं, जो अपने शौक को जुनून में बदल देते हैं। सफलता का जश्न न केवल सफल लोगों को प्रेरित करता है बल्कि दूसरों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष देते हुए कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि कई क्षेत्रों और पाठ्येत्तर गतिविधियों में अवसर मिल रहे हैं, पहले छात्रों को केवल पढ़ाई करने और किसी अन्य गतिविधि में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। माता-पिता की प्रशंसा की जानी चाहिए कि वह अपने बच्चों पर भरोसा करते हैं, उन्हें उनकी रुचियां को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, राखी पाल, वैशाली त्यागी, शिखा ठाकुर, दीपक मलिक, आंचल गुप्ता, चेतन मैडम आदि का सहयोग रहा।

दहेज की खातिर मारपीट कर घर से निकाला

लड़की के परिजनों ने एसएसपी को शिकायत देकर की कार्यवाही की मांग

जानसठ, 12 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की की शादी जवाहर नगर जनपद जयपुर राजस्थान में हुई थी। लड़के वालों की दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर लड़की को मारपीट कर घर से निकाल दिया। लड़की वालों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्र के गांव वाजिदपुर कवाली निवासी आशा उर्फ स्वाति पुत्री नरेश कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। उसने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसकी शादी लगभग छह साल पहले विपुल पवरिया पुत्र राजपाल सिंह निवासी कल्पना चावला मार्ग जवाहर नगर, जयपुर राजस्थान के साथ हुई थी। इस शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च कर आभूषण, नगदी व कीमती सामान दिया था। ससुराल वालों ने एक साल बाद ही मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। वह मेरे घरवालो से अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने मेरी साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने बताया कि उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है पिता दिव्यांग है। भाई ने जैसे तैसे कर शादी के बाद से अब तक नो लाख रुपए ससुराल वालों को और दे दिए। फिर भी ससुराल वाले दहेज की मांग करते आ रहे हैं। उसके बाद 14 अगस्त को उन्होंने मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जैसे तैसे कर मै घर पहुंची। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आशा उर्फ स्वाति की तहरीर के आधार पर पति विपुल पवरिया जेठानी गीता और जेठानी के दो पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

ग्रामीण ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

बुढ़ाना, 12 सितम्बर (बु.)। एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाकर एक प्रार्थना-पत्र देते हुए धमकी देने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। देवेन्द्र पंवार पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम वैल्ली ने बुढ़ाना पुलिस को बताया कि उसके फोन पर बीते 10 जून को एक फोन आया, जिसे उसने सुना तो दूसरी तरफ से फोन करने वाले ने बताया कि मैं तुझे जान से मार दूंगा तथा गाली-गलौच करने लगा, तो यह सब सुनकर उसने फोन काट दिया? और अपने परिवार वालों को इस धमकी के बारे में बताने के लिए चला गया। फिर फोन आया, लेकिन उसने नहीं उठाया। इसके बाद आरोपी उसके मकान पर भी गया। जहां पर उसकी पत्नि शिमला देवी घर अकेली थी। आरोपी ने घर में घुसकर उसकी पत्नि को धमकाया और गाली देते हुए कहने लगा कि तेरे पति देवेन्द्र को जान से मारूंगा और मेरी पत्नि के विरोध करने पर आरोपी उसकी पत्नी को भी धमकी देकर चला गया। आरोपी ने फिर उसे फोन किया, जिसे उसने रिसीव कर लिया, तो आरोपी गाली देते हुए कहने लगा कि मैं तेरे घर गया था। कहां पर छुपा हुआ है। मैं आज ही तुम्हे खोजकर जान से मार दूंगा। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है।

शाहपुर में जैन समाज ने की दशलक्षण के पांचवें दिन सत्य धर्म की पूजा

शाहपुर, 12 सितम्बर (बु.)। कस्बे में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा अर्चना की। कस्बे में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन श्री पदमप्रभु जिनालय, श्री नेमिनाथ जिनालय, श्री शांतिनाथ जिनालय व मुनि सुव्रतनाथ मान स्तंभ पर उत्तम सत्य धर्म की पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक करने के साथ शांति धारा की। इस दौरान सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन ने बताया कि सत्य ही शाश्वत धर्म है। सत्य आत्मा का सौंदर्य है। हमेशा सभी को सत्य बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्यवादी कभी दुखी नहीं हो सकता तथा सत्य कुछ समय के लिए विचलित कर सकता है किंतु पराजित नहीं कर सकता है। शाम के समय जैन मंदिरों में श्री जी की महाआरती होने के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री पदम प्रभु जिनालय में आयोजित जैन धर्म पर आधारित शब्द बनाओ प्रतियोगिता में अमित जैन, अविरल जैन व अनंत जैन ने प्रथम तथा ललित जैन, रुचि जैन व आस्था जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मदनलाल जैन, राकेश चंद जैन, अरविंद जैन, सतीश चंद्र जैन, विक्की जैन, अमित जैन, उमंग जैन, आगम जैन, अभिषेक जैन, संजीव जैन, वैभव जैन व विनय जैन आदि मौजूद रहे।

प्रयागराज में कोचिग संचालक से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

प्रयागराज,12 सितंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के जार्जटाउन क्षेत्र में एक कोचिग संस्थान के संचालक से एक करोड़ रूपए की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में जॉर्ज टाउन थाना में चार नामजद और 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि जॉर्ज टाउन थाना के बालसन चौराहे के पास स्थित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले एक कोचिग संस्थान के संचालक विवेक कुमार ने एक करोड़ रूपए रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपने आरोप पत्र में बताया है कि 10 सितंबर की शाम कई लोग उनके कोचिग संस्थान में पहुंचकर रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने और संस्थान को जलाने की धमकी दी। कोचिग संचालक मूलतः बुलंदशहर के गांव कौंदू और पोस्ट बंचावली के रहने वाले हैं।

बीएससी (होम साइंस) के षष्ठम सेमेस्टर की छात्राओं ने कॉलेज का नाम रोशन किया, पायल बालियान रही अव्वल

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)। बीएससी (होम साइंस) के षष्ठम सेमेस्टर में पायल बालियान ने 74.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आफरीन ने 73.8 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और फिरदौस जैदी ने 72.6 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि आपकी लगन और समर्पण से ही सफलता सम्भव हो पाई है। कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, विभाग की डीन डॉ. श्वेता राठी ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्रवक्ताओं, रूबी पोसवाल, ईशा अरोरा, अलीना सिद्दीकी, और सोफिया अंसारी, काजल मावी, आयशा गौर ने सफलता के लिए बधाई दी।

ममता ने की मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की पेशकश

कोलकाला महिला मर्डर केस-शर्तें न मानने पर बैठक के लिए नहीं पहुंचे डॉक्टर

कोलकाता, 12 सितंबर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मुद्दे पर सरकार और चिकित्साकर्मियों के बीच गतिरोध जारी है। इस मुद्दे पर गुरुवार को डॉक्टरों का एक दल बैठक के लिए नबन्ना पहुंचा। हालांकि, यहां बैठक नहीं हो पाई। ममता बनर्जी ने बैठक को लेकर कहा कि बातचीत होने पर ही समाधान संभव है। उन्होंने बताया किहमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए। ममता ने इसके बाद कहा कि वह पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं।
ममता ने कहा, "मैं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। मुझे पद की चिंता नहीं है। मुझे न्याय चाहिए, मुझे केवल न्याय मिलने की चिंता है।" उन्होंने आगे कहा, "आरजी कर मामले में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मैंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे। बंगाल सीएम ने कहा कि आरजी कर मामला क्योंकि न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जूनियर डॉक्टरों की मांग के अनुसार उनके साथ बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता। बंगाल सीएम ने कहा, "मैंने जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठने की पूरी कोशिश की। यहां तक कि जब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं किया, तब भी मैंने अपने मुख्य सचिव, गृह सचिव, ऊ्रह्र और मेरे राज्य मंत्री सहित अपने शीर्ष अधिकारियों के साथ 3 दिन तक इंतजार किया। मुझे खेद है।
मैं इस देश और दुनिया के लोगों से माफी मांगती हूं जो उनका (डॉक्टरों) समर्थन कर रहे हैं, कृपया अपना समर्थन दें। मुझे कोई समस्या नहीं है। हम आम लोगों के लिए न्याय चाहते हैं। हम आम लोगों के इलाज के लिए न्याय चाहते हैं। हम चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वे अपनी ड्यूटी पर वापस आएं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 3 दिन बीत चुके हैं लेकिन हम कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं क्योंकि कभी-कभी हमें बर्दाश्त करना पड़ता है। कभी-कभी बर्दाश्त करना हमारा कर्तव्य है।" बताया गया है कि पुलिस सुरक्षा में प्रतिनिधिमंडल शाम करीब साढ़े पांच बजे सचिवालय पहुंचा, जबकि बैठक का समय पहले पांच बजे तय हुआ था। राज्य सरकार की तरफ से 15 लोगों की शर्त के बावजूद 30 चिकित्सक नबन्ना पहुंचे। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य भवन के बाहर धरना शुरू करने से पहले कहा था कि वे बैठक का सीधा प्रसारण करने की मांग से पीछे हटने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। राज्य के मुख्य सचिव बैठक के लिए अपने नये निमंत्रण में पहले ही इस मांग को अस्वीकार कर चुके हैं। बैठक स्थल पर चिकित्सक और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने अलग-अलग बैठक की ताकि यह तय किया जा सके कि बैठक की प्रक्रिया का सीधा प्रसारण किया जाए या नहीं।

बंदरों-कुत्तों से निजात के लिए प्रशासन को एक सप्ताह का समय

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। नगर के सभी मौहल्लों में बन्दरों व कुत्तों का भारी आंतक बना हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर 9 सितम्बर को जनपद के डीएम अरविन्द राज मल्लपा बंगारी को उनके कचहरी स्थित कार्यालय में एक ज्ञापन नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता बुजुर्ग डॉ. ओमपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में प्रेमपुरी के अनेक निवासी जिनमें डॉक्टर्स, एडवोकेट, पूर्व सैनिक, किसान, व्यापारीगण आदि साथ रहे। शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने एक निर्णय लेते हुए कहा कि इस गंभीर जानलेवा समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन को एक सप्ताह यानि 10 सितम्बर से 16 सितम्बर तक का समय दिया जायेगा। एक सप्ताह में प्रशासन को इस समस्या से जनता को मुक्त करना चाहिए। एक सप्ताह में समाधान न होने पर नगर की जनता यानि निवासीगण को इसके बाद क्या करना है यह आम जनता ही तय करेगी।

अब सीधे किसानों से बात करेगी सुप्रीम कोर्ट की बनाई कमेटी

चंडीगढ़, 12 सितंबर (एजेंसी)। शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित हाईपावर कमेटी अब सीधे किसानों से बात करेगी। कमेटी ने बुधवार को पंजाब-हरियाणा के मुख्य सचिवों व डीजीपी के साथ चंडीगढ़ के हरियाणा भवन में बैठक की।
कमेटी की अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह के समक्ष दोनों प्रदेशों के मुख्य सचिव और डीजीपी ने स्टेटस रिपोर्ट दी। करीब दो घंटे तक चली बैठक में शंभू बॉर्डर पर किसानों के पक्के मोर्चे से लेकर अब तक के घटनाक्रम में जत्थेबंदियों की मांगों को लेकर सौंपे गए मांगपत्रों को भी कमेटी के साथ साझा किया गया।
बैठक में मौजूद पंजाब के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कमेटी 13 सितंबर को शंभू बॉर्डर पर किसान जत्थेबंदियों के नेताओं से मुलाकात कर सकती है। किसान जत्थेबंदियों से मुलाकात कर कमेटी शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए उनके पक्षों को सुनने के बाद रिपोर्ट तैयार कर सुप्रीम कोर्ट की बेंच के समक्ष रखेगी। यह कमेटी 9 दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की गई थी। कमेटी का नेतृत्व कर रहे रिटायर जस्टिस नवाब सिंह ने अधिकारिक तौर पर बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि अभी शंभू बॉर्डर के मौजूदा हालात को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकार से इनपुट लिए गए हैं।
अब किसानों के साथ बैठक कर बॉर्डर खुलवाने के लिए सुप्रीमकोर्ट के दिशानिर्देश पर बात की जाएगी। पंजाब की ओर से बैठक में मुख्य सचिव अनुराग वर्मा, पंजाब डीजीपी गौरव यादव और कृषि और किसान कल्याण के प्रशासनिक सचिव केएपी सिन्हा मौजूद रहे। किसान जत्थेबंदियों के साथ हाईपावर कमेटी की बैठक में कृषि अर्थशास्त्री भी शामिल होंगे। 13 सितंबर की बैठक में प्रो. रणजीत सिंह घुम्मन, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ सुखपाल सिंह और चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर बीआर कंबोज को भी बैठक का हिस्सा बनाया गया है।

सपा के डीएनए में गुंडई और अराजकता भरी है: ब्रजेश पाठक

लखनऊ, 12 सितम्बर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की पहचान अपराधी तत्वों को संरक्षण देने के तौर पर रही है और वास्तव में सपा के डीएनए में ही गुंडई और अराजकता है। श्री यादव ने यहां पत्रकारों से कहा कि सुल्तानपुर में सर्राफा कारोबारियों के यहां लूट के आरोपियों की तरफदारी कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दर्शा दिया है कि उनकी पार्टी डकैतों को संरक्षण देने का काम रही है। सपा ने हमेशा ही अपराधियों को संरक्षण दिया है। सपा पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय अपराधियों के साथ है। उन्होंने कहा कि सपा अपराधियों को बचाने का काम करती है। सपा जाति का भ्रमजाल फैला कर अपराधी तत्वों को संरक्षित करने का काम कर रही है। सुल्तानपुर की घटना में वांछित बदमाशों के कब्जे से ढाई किलो सोना बरामद हुआ है। श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश में 2017 के बाद से भाजपा की

मुख्यमंत्री ने की कपिलदेव अग्रवाल के कार्यों की प्रशंसा

मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)। कालिदास मार्ग, लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित मंत्री परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल की उनके मंत्रालय द्वारा किए गए कार्य के लिए सराहना की। मुख्यमंत्री ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल के विभाग विभाग, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा अम्बेडकरनगर, अयोध्या, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मुरादाबाद, मिर्जापुर, प्रयागराज, मैनपुरी व कानपुर जनपदों में सफलतापूर्वक वृहद रोजगार मेले के आयोजन व युवाओं को रोजगार देने पर भरपूर प्रशंसा करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

कैराना सांसद इकरा हसन का गांव कैथोड़ा में ग्रामीणों ने किया स्वागत

सांसद इकरा हसन ने कहा मीरापुर के क्षेत्र से था मेरे पिता मुनव्वर हसन को बहुत खास लगाव

मीरापुर, 12 सितम्बर (बु.)। गुरूवार को कैराना सांसद इकरा हसन मीरापुर क्षेत्र के गांव कैथोडा में समाजसेवी मंजर हुसैन के आवास पर पहुँची। यहाँ ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। गांव कैथोड़ा पहुँची कैराना सांसद इकरा हसन का सैकड़ों महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सांसद इकरा हसन ने कहा कि उन्हें यहाँ पहुँचने पर अपने मरहूम पिता मुनव्वर हसन की याद आ गयी। वो अक्सर मीरापुर आया करते थे। मीरापुर के लोगों से उन्हें विशेष लगाव था। इस दौरान जिल्ले प्रधान, नीलू जैदी, अजमल जैदी, जफर हसन, रौनक मियां, सलीम इकबाल, मशरूर इकबाल, तनवीर सलमानी, खालिद कुरैशी, सरदार शेख, सरफराज जैदी आदि लोग उपस्थित रहे।

अयोध्या में चल रही है जमीन की लूट घसोट: अखिलेश

लखनऊ, 12 सितम्बर (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि अयोध्या में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और अधिकारी जमीन की लूट घसोट कर रहे हैं। श्री यादव ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा के नेताओं ने अधिकारियों की मिलीभगत से अयोध्या को लूट का अड्डा बना दिया है। सेना की फायरिंग रेंज की जमीन को कौडियों के दाम में बेच दिया गया है। किसानो को डरा कर उनकी जमीन को औनेपौने दाम पर खरीदा गया है। सरकार के अधिकारी और भाजपा के लोग लूट में लग गए है और जहां लूट होगी वहां विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सपा के अयोध्या के नेताओ ने आज लूट का काला चिठ्ठा खोला है। जब राम की नगरी में लूट का यह हाल है तो पूरे प्रदेश में कितनी लूट हो रही होगी।

बस्ती में दो किसानों की करंट लगने से मौत

बस्ती, 12 सितम्बर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

पूजन पर भी निकृष्ट राजनीति

निकृष्ट राजनीति, पूजा प्रार्थना के पावन अर्थ भी बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास करती है। निकृष्ट राजनीति के साथ जब संकीर्ण मानसिकता का योग होता है, तो जीवन के श्रेष्ठ मूल्यों में गिरावट आ जाती है। इन दिनों राजनीति के क्षेत्र से ऐसे ही मूल्यों को गिराने वाले समाचार आ रहे हैं। राहुल गांधी के बारे में कहा जा रहा है कि उन्होंने एक समुदाय को लेकर अमेरिका में शत प्रतिशत मिथ्या वाचन किया। खड़गे भी इसी लाइन पर हैं। देशभर में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के नेता भी गणेश पूजा में लगे हैं। प्रधानमन्त्री मोदी, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में सम्मिलित हुए। प्रधानमन्त्री ने एक्स पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर की। सीजेआई और उनकी पत्नी कल्पना दास के साथ प्रधानमन्त्री मोदी की मुलाकात का वीडियो भी सामने आया। वीडियो में सीजेआई अपने घर में प्रधानमन्त्री का स्वागत करते दिखे। प्रधानमन्त्री मोदी ने सीजेआई और उनके परिवार के साथ भगवान गणेश की आरती की। प्रधानमन्त्री मराठी पोशाक पहने हुए थे। उन्होंने मराठी टोपी भी पहन रखी थी। यह एक पूजन कार्यक्रम था इसे छुपाया भी नहीं गया था, फिर भी इस पर हैरान करने वाली अहमकाना बयानबाजी की जा रही है, हालांकि भाजपा जवाब भी दे रही है, लेकिन बयान बाजी होती ही जा रही है। तस्वीरों के सामने आने के बाद ही से इस पर राजनीति और निकृष्ट राजनीति तेज हो गई है। उद्धव गुट के नेता संजय राउत जो अंट-शंट बयानबाजी के लिए चैनलों की पहली पसन्द हैं, ने तो कह दिया है कि अब हम लोग न्याय की उम्मीद कैसे लगाएंगे, लोगों के मन में संदेह पैदा होगा। संजय राउत ने कहा कि गणपति का त्योहार चल रहा है, तो लोग एक दूसरे के घर जाते हैं। अब मुझे जानकारी नहीं कि पीएम मोदी कितने घर में गए, लेकिन उनका सीजेआई के घर जाकर आरती करना, संविधान के जो कस्टोडियन हैं, अगर वे नेता से मिलेंगे, लोगों के मन में संदेह पैदा हो सकता है। हमारे महाराष्ट्र वाले केस में सुनवाई तो सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच कर रही है, ऐसे में हमें अब संदेह है कि क्या न्याय मिल भी पाएगा। हमारे मामले में कोर्ट के अंदर दूसरी पार्टी केंद्र सरकार है। सीजेआई को अब इस मामले से दूरी बनानी चाहिए, क्योंकि दूसरी पार्टी के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हो गए हैं। क्या सीजेआई ऐसी स्थिति में हमे न्याय दे पाएंगे? संजय राऊत के बयान को निंदनीय बताया जा रहा है। इस बयान में संजय राउत ने सीधे-सीधे आरोप लगा दिया है कि सीजेआई और पीएम मोदी का साथ आना उनके रिश्ते के बारे में काफी कुछ कहता है। उनका यहां तक बोल देना कि सीजेआई को अब उनके केस से दूर हो जाना चाहिए, इस पर विवाद भी हो सकता है, क्योंकि यह आपत्तिजनक वक्तव्य है। इस मामले को लेकर विपक्षी नेताओं की आलोचना पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा, विपक्ष क्या चाहता है? प्रधानमन्त्री और सीजेआई का एकदूसरे के प्रति कैसा व्यवहार होना चाहिए। क्या उनमें एक-दूसरे के प्रति सद्भाव नहीं होना चाहिए। काम के समय अलग व्यवहार और काम खत्म करने के बाद अलग व्यवहार, यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। विपक्ष को पीएम के सीजेआई से मिलने पर आपत्ति है, लेकिन जब राहुल गांधी इल्हान उमर से मिलते हैं, उससे आपत्ति नहीं है। पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह इफ्तार पार्टी रखते थे। क्या उसमें चीफ जस्टिस नहीं आते थे? इल्हान उमर सोमालियाई-अमेरिकी राजनेता हैं। वे अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस में पहुंचने वाली पहली दो मुस्लिम महिला सांसदों में से एक हैं। इल्हान उमर कई बार भारत विरोधी रुख अपना चुकी हैं। वे पीओके को पाकिस्तान का हिस्सा बता चुकी हैं। राहुल ने अमेरिकी दौरे पर 10 सितंबर को उनसे मुलाकात की थी। प्रधानमन्त्री मोदी के घोर विरोधी वकील प्रशांत भूषण ने ट्वीट करके कहा है कि यह चौंकाने वाला है कि सीजेआई चंद्रचूड़ ने मोदी को एक निजी बैठक के लिए अपने आवास पर जाने की अनुमति दी। यह न्यायपालिका के लिए बहुत बुरा संकेत है, न्यायपालिका को कार्यपालिका से नागरिकों के मौलिक अधिकार की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है कि सरकार संविधान के दायरे में काम करे, इसीलिए कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच दूरी बनाए रखनी होगी। भूषण को कभी भी पीएम मोदी का काम अच्छा नहीं लगा, लोग उनकी बातों को गंभीरता से लेते भी नहीं हैं, अब चूंकि मोदी सीजेआई के घर पहुंच गए, इसलिए सीजेआई भी अब उनके लिए सम्माननीय नहीं रहे। मतलब साफ है कि उन्हें विरोध के लिए विरोध करना ही है। प्रशांत भूषण अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ थे। बाद में अरविंद केजरीवाल ने उनसे छुटकारा पा लिया था। न्यायपालिका के खिलाफ एक बार प्रशांत के दो ट्वीट को लेकर न्यायालय ने उन्हें अवमानना का दोषी ठहराया था। बाद में प्रशांत भूषण की खूब किरकिरी हुई कोर्ट ने उन पर 1 रुपये का जुर्माना लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि एक रुपये की जुर्माना राशि जमा कराने में विफल रहने पर तीन माह की जेल हो सकती है और वकालत से तीन साल तक प्रतिबंधित किया जा सकता है। राउत की बात इसलिए समझ में आती है, क्योंकि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। राउत की पार्टी के सामने बीजेपी मुख्य विपक्षी है। राउत को परेशानी इसलिए भी हो रही होगी, क्योंकि मोदी ने एक तीर से कई शिकार किए हैं। मोदी ने मराठी टोपी पहनकर मराठा स्वाभिमान को सम्मान दिया है। जाहिर है विरोधी परेशान तो होंगे ही। जो लोग मोदी और चंद्रचूड़ की मुलाकात से भारतीय लोकतंत्र पर खतरे के रूप में देखते हैं, उन्हें नहीं पता है कि संविधान में क्या लिखा है। संविधान में कहीं भी ये नहीं कहा गया है कि कार्यपालिका और न्यायपालिका एक दूसरे से मुलाकात नहीं कर सकते। किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सेप्रेशन ऑफ पावर और कोऑपरेशन ऑफ पावर दोनों को अलग नजरिए से देखने की जरूरत है। लोकतंत्र के इन दोनों स्तंभों में इतनी दूरी भी नहीं होनी चाहिए कि दोनों के बीच एक दीवार बन जाए। भारतीय जनता को सही मायने में न्याय तभी मिल पाएगा, जब दोनों मिलकर देश की भलाई के लिए काम करेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि अगर दोनों चोरी-छिपे मिलते, अपनी मुलाकात को छुपाते तो लोकतंत्र के खतरे वाली बात समझ में आती, पर यहां तो पीएम मोदी खुद ट्वीट करके जानकारी देते हैं। फोटो और वीडियो भी ट्वीट करते हैं। समझने वाली बात यह है कि दोनों अगर चाहते, तो गोपनीय मुलाकात हो जाती और किसी को पता भी नहीं लगता।

चार तीर

सुनील उत्सव

"सोच" "चुनाव" "अक्ल" "जुड़ाव"

गुण्डों को चुन लिया कभी जाहिल को चुन लिया,
कैसी हमारी सोच है कैसा है ये चुनाव।
वो अक्ल की तो बात कभी कर नहीं सका,
फिर भी तो उसके पास है चमचों का इक जुड़ाव।

नई मंडी बड़ी धर्मशाला में हजारों लोगों ने लिया गणपति महाराज का आशीर्वाद

- राधा अष्टमी पर मटकी फोड़ व होली की मस्ती की रही धूम

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति नई मंडी द्वारा पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी 18 वां श्री गणेश जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम और भव्य आयोजन के साथ 7 से 15 सितंबर तक मनाया जा रहा है। रिद्धि सिद्धि के स्वामी और शुभ लाभ के पिता भगवान गणपति जी के स्वागत में प्रतिदिन संध्याकाल में भक्तिमय संगीत भरा आयोजन किया जा रहा है जिसमें राधा अष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सभी अतिथियों ने राधा कृष्ण के गीत गाने के साथ फूलों की होली खेली तथा ऊपर टांगे की मटकी को फोड़ा गया। इसके बाद पं. अवधराज शास्त्री ने अतिथियों से भगवान गणेश जी की आरती कराई, जिसमें सभी अतिथियों ने प्रतिभाग किया। नई मंडी बड़ी धर्मशाला में आयोजित श्री गणेश महोत्सव में राधाष्टमी पर्व के बीच मंत्री कपिल देव अग्रवाल, हर्षवर्धन जैन, संजय मित्तल, नीरज बंसल, अमित गर्ग, राजेश बत्रा, संजय गर्ग, कार्तिक अग्रवाल, अंमरीश गोयल, योगेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान रुड़की के कलाकारों द्वारा श्रीगणेश जी एवं महाशिव और महाकाली की बहुत ही भव्य स्तुति करते हुए बाबा का गुणगान किया। इस भव्य आयोजन में पं. अवधराज आचार्य के सानिध्य में पूजन कार्यक्रम किया जा रहा है। इस दौरान श्रीसिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष रामपाल तायल, संजय गर्ग, समकित जैन, नितिन गोयल, पंकज सिंघल, सुनील अग्रवाल, देवेंद्र बंसल, विपिन पाल, विजय सैनी, दिनेश पाल, संजय अग्रवाल, सचेंद्र मित्तल, अंकुर अग्रवाल, सीए अमित कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दशलक्षण महापर्व के पांचवे दिन जैन श्रावकों ने उत्तम सत्य धर्म की पूजा की

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)। मुजफ्फरनगर में भाद्रमाह शुक्ल के दिन दिगंबर जैन समाज ने दशलक्षण पर्व के पांचवे दिन बृहस्पतिवार को श्रीदिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना के साथ शहर के सभी जैन मंदिरों में उत्तम सत्य धर्म मनाते हुए पूजा-अर्चना की गई। जैन दर्शन में उत्तम सत्य धर्म का अर्थ आत्म कल्याण पथ पर चलने वाले भव्य जीव को अपने जीवन काल में हर कार्य में सत्य का प्रयोग करना होगा, तभी वह परमात्मा को पा सकता है। उत्तम सत्य न कड़वा होता है न कठोर वो तो अंतरंग में सूरज की तरह होता है, जो हर कोने में रोशनी भरता है। इसी अवसर पर शहर के शांतिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में श्री आदिनाथ विधान का आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वहीं शहर के प्रेमपुरी, जैन नगर, अबूपुरा, पारसनाथ, नई मंडी चौड़ी गली, मुनीम कॉलोनी, जैन मिलन विहार, महावीर चौक, सुरेंद्र नगर, अंबा विहार, रेनबो विहार सहित सभी जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। रोहित जैन (अप्पू), विप्लव जैन, वैभव जैन, आशीष जैन, चंद्र जैन, विपिन जैन, अभिषेक जैन, मनीष जैन, विजय जैन, अमन जैन, अमित जैन, शशांक जैन, अभिनव जैन, सुबोध जैन, आशीष जैन (सी.ए.) के साथ काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

कस्टडी रिमांड पर लेकर तमंचा मोबाइल बरामद

जानसठ, 12 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने बंधन बैंक के कर्मचारी से हुई लूट के आरोपित को कस्टडी रिमांड पर लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने गांव खिरवा जलालपुर थाना सरधना जनपद मेरठ निवासी शाह आलम पुत्र फाजिल अब्बास को कस्टडी रिमांड पर लिया। पुलिस ने बताया कि उसने सात अगस्त की दोपहर को गांव भलेड़ी के पास स्थित बंधन बैंक की शाखा के कलेक्शन एजेंट थाना तितावी क्षेत्र के गांव अलीपुर खुर्द निवासी परविंदर कुमार से तमंचे के बल पर 60 हजार रुपयों की नगदी से भरा बैग और मोबाइल लूट लिया था। लूट का विरोध करने पर उसने बैंक कर्मचारी को दाहिनी जांघ में गोली मार कर घायल कर दिया था। इस घटना में पुलिस लूट का मुकदमा दर्ज कर एक बदमाश को पहले ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शाह आलम ने पुलिस के डर से न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। थाना प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि शाह आलम को रिमांड पर लेकर उससे घटना में प्रयोग किया तमंचा, लूटा गया मोबाइल और बैग बरामद किया है। तीनों सामान बरामद कर उसे फिर से जेल भेज दिया है।

गणेश जी के विसर्जन में कोई संशय नहीं : संजीव शंकर

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)। गत 7 सितंबर से अनंत चतुर्दशी तक गणेश उत्सव चल रहा है, गणेश उत्सव में सर्वाधिक चर्चा गणेश विसर्जन को लेकर संशय यह है कि गणेश विसर्जन होना चाहिए कि नहीं, महामृत्युंजय सेवा मिशन के अध्यक्ष संजीव शंकर ने गणेश उत्सव में उपस्थित भक्तों के सामने विचार प्रकट से करते हुए कहा कि उत्सव में पार्थिव मूर्ति विराजमान होती है। वह किसी भी देवी -देवता की हो उसका विसर्जन होना ही चाहिए, जिस प्रकार दुर्गा पूजन,राम जन्मोत्सव, कृष्ण जन्माष्टमी इत्यादि पर बड़े पार्थिव स्वरूप लाऐ जाते हैं और उत्सव के पश्चात मिट्टी के स्वरूप का विसर्जन होता है, उसी प्रकार गणेश उत्सव में भी मिट्टी के बने गणेश जी का विसर्जन होना चाहिए। पूजन के पश्चात अंत में सभी आवाहित देवी-देवताओं को अपने स्थान पर भेजते हैं। उसी प्रकार गणेश उत्सव में भी प्रधान पूजा गणेश जी की करके धातु स्वरूप लक्ष्मी गणेश को वहीं विराजमान रहने देते हैं, इसलिए भगवान गणेश की मिट्टी की बड़ी प्रतिमा जल में विसर्जन करने में कोई भी संशय नहीं है। आज मुख्य रूप से होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेंदर दहिया, शिवकुमार वर्मा, अश्वनी शर्मा, शांति शर्मा, विनीता शर्मा, नीरू शर्मा व कु. अस्मिता इत्यादि उपस्थित रहे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का किया शुभारंभ

भोपा, 12 सितम्बर (बु.)। भोपा क्षेत्र के नंगला बुजुर्ग में नहर पटरी किनारे स्थित अटल आवासीय विद्यालय के नये शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ से किया गया। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने का ऐलान किया। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में, चौथे चरण में 825 विकास खंडों में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी तथा पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे, जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। नये शैक्षिक सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर भोपा के नंगला बुजुर्ग में स्थित विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे डीएम ने कक्षा 6 में प्रवेश पाने वाले 140 छात्र व 140 छात्राओं को शुभकामनाएं दी। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि सभी बच्चे धैर्य व दृढ़ आत्मविश्वास के साथ शिक्षा प्राप्त करें। आवास व उचित आहार सहित खेलकूद के लिए विद्यालय में अच्छी व्यवस्था की गयी है। इस प्रकार के विद्यालय से शिक्षा की मजबूत नींव रखी जाती है, जो जीवन भर बच्चों के काम आती है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि बच्चों को स्वच्छता, वृक्षारोपण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देनी चाहिए। भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है, जिससे गरीब मजदूर के बच्चे भी बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में प्रथम सत्र के कक्षा 6 में सुमित ने प्रथम, मयंक ने द्वितीय तथा अभिनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं अनिशा व बुशरा मलिक को संगीत, रिया व अनिमेष को आर्ट, मयंक व प्रकृति को एथलेटिक्स, वंश व रचना को कबड्डी, रिया व हैप्पी को खो-खो, अंशु व अनिमेष को वॉलीबाल, मंगल को फुटबाल, मयंक व सावन को अनुशासन, मयंक व महक को विज्ञान प्रदर्शनी तथा सुमित को शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, जिला पंचायत डॉ. वीरपाल निर्वाल, एमएलसी वंदना वर्मा, प्रधानाचार्या ज्योति मखीजा, मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप श्रमायुक्त सहारनपुर वंदना गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त देवेश सिंह, अचला पाण्डेय, अभिषेक सिंह, ललित जोशी, उमा काला, अवधेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष शामली तेजेन्द्र निर्वाल, हरेन्द्र शर्मा, सचिन त्यागी, तरूण प्रधान, महिपाल राठी, कुणाल वालिया, अजय विश्वकर्मा, रामेन्द्र बहादुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव कुमार ने किया।

अवैध रूप से मिट्टी खनन पर रोक लगाने की मांग

जानसठ, 12 सितम्बर (बु.)। तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी किसान द्वारा अवैध रूप से खनन करने का आरोप लगाया। उसने एसडीएम से अवैध रूप से हो रहे खनन पर रोक की मांग की। एसडीएम ने जांच कर खनन को रुकवाने का आश्वासन दिया। बृहस्पतिवार को किरणपाल पुत्र मांगेराम निवासी मोरना थाना भोपा ने एसडीएम सुबोध कुमार को प्रार्थना-पत्र दिया। उसने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसके खेत के बराबर में गांव निवासी संजय पुत्र रामदास का खेत है। वह अपने खेत में से बिना अनुमति के पांच फीट गहरी मिट्टी उठा रहा है, जिससे कि उसे अपने खेत में सिंचाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसने प्रार्थना-पत्र में यह भी आरोप लगाया कि पड़ोसी किसान संजय मिट्टी उठाने से मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने एसडीएम से अवैध रूप से उठाई जा रही मिट्टी पर रोक लगाने तथा संजय के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। एसडीएम सुबोध कुमार ने जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

विकास भवन में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। लखपति महिला कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक गुरूवार को विकास भवन सभागार में डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। लखपति दीदी स्वयं सहायता समूह की एक ऐसी सदस्य हैं, जिनकी इस बीच वार्षिक पारिवारिक आय एक लाख रुपए या इससे अधिक है। इस आई की गणना कम से कम 4 कृषि मौसमों या 4 व्यापार चक्र के लिए की जाती हैं जिनकी औसत मासिक आय 10,000 रुपए से अधिक है, जो लगातार बनी रहे। विकास भवन सभागार में संपन्न बैठक में डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि लखपति दीदी अपनी आय के लिए नहीं बल्कि अपनी अस्थाई आजीविका कार्य प्रणाली खेत गैर कृषि सेवा को अपने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करके जीवन का योग्य स्तर प्राप्त करने के माध्यम से समुदाय के लिए प्रेरणा होती है। उन्होंने बताया कि लखपति दीदी योजना, महिला को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है, जिसके तहत, महिलाओं को उद्योग क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत, महिलाओं को बिना ब्याज के 5 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। इस बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधि अग्रणी बैंक प्रबंधक रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि नाबार्ड के प्रतिनिधि शामिल हुए साथ विभिन्न विभागों कृषि, पशुपालन, बाल विकास, उद्योग खादी ग्रामोद्योग के साथ सहकारिता विभाग के अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

अस्पताल में दम तोड़ने को मजबूर अज्ञात महिला

मोरना, 12 सितम्बर (बु.)। देर रात चोरावाला में सड़क किनारे बैठी बीमार महिला को ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने एम्बुलेंस की सहायता से भोपा अस्पताल पहुंचाया, जहां उच्च श्रेणी की स्वास्थ्य सेवाएं न होने के कारण महिला बीमारी से तड़प रही है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव चोरावाला के प्रधान सर्वेश कुमार उर्फ वीरू ने बताया कि बुधवार की रात 11 बजे के लगभग वह निकटवर्ती गांव करहेड़ा से लौट रहे थे। किसान सेवा सेवा केन्द्र के पास एक महिला को सड़क किनारे बैठे देखा, जो बीमार हालत में थी तथा बोलने में असक्षम थी। ग्राम प्रधान द्वारा डॉयल 112 पुलिस व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची बीमार महिला को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाया गया, जहां उच्च स्तरीय इलाज के अभाव के कारण महिला बीमारी से तड़प रही थी।

शाहपुर में समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित

- देवेन्द्र बालियान महासचिव, सत्येंद्र कोषाध्यक्ष बने

शाहपुर, 12 सितम्बर (बु.)। समाजवादी पार्टी की आयोजित बैठक में बुढ़ाना विधानसभा की कार्यकारिणी में देवेंद्र बालियान को महासचिव व सत्येंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कस्बे के कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज में बुढ़ाना विधानसभा की आयोजित मासिक बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र प्रजापति ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच कर लोगों से संवाद कर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 के लिए जुट जाने का भी आह्वान किया। बैठक में कार्यकारिणी का गठन करते हुए देवेंद्र बालियान को महासचिव, सत्येंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष, शहजाद राणा, आशु प्रधान व मोनीश चौधरी को उपाध्यक्ष, देवेंद्र देशवाल, शकील अंसारी, शोएब राईन, सलीम कुरैशी को सचिव नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता डॉ. ओमपाल सैनी व संचालन विधानसभा अध्यक्ष अकरम कुरैशी व अनेश निर्वाल ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव इकबाल कुरैशी, जुल्फिकार कुरैशी, राजू सैनी , तोसिम सिद्दीकी, शकील अंसारी, देवेंद्र सिंह, पवन कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री जाहरवीर गोगा जी मेले का भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

पुरकाजी, 12 सितम्बर (बु.)। कस्बे के बाहरी छोर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेला छड़ियान का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने फीता काटकर किया। उन्होंने गोगा जाहरवीर की म्हाडी पर माथा टेककर सुख समृद्धि शान्ति की कामना की। उन्होंने कहा कि मेलो से हमारी पुरानी चली आ रही परम्परा बनी रहती है। हम सभी को ऐसे मेलों में सहयोग करना चाहिए। मेले के शुभारंभ के उपरांत श्रद्धालुओं ने गोगा जाहरवीर की म्हाड़ी पर प्रसाद चढाकर अपने परिवारों के लिये सुख समृद्धि की कामना की। मेले में प्लास्टिक के खिलौने, लकड़ी के सामान, मिट्टी के बर्तनों के अलावा खाने पीने की सैकडों दुकानें लगायी, लगातार बारिश के बावजूद कस्बे व देहात के लोगों ने जमकर खरीददारी की। इस दौरान सुरेश कश्यप भगत जी, डॉ. संदीप वर्मा, विपिन गोयल, रोबिन गोयल, संजय धीमान, शिवकुमार पाल, अमित कश्यप आदि रहे। उसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर सदस्यता अभियान को तेज करने का आहवान किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण गोयल, हरिराम सक्सेना, केपी सिंह, निर्दोष जैन, कपिल मित्तल, मनीकांत गोयल आदि रहे।

नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

पुरकाजी, 12 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया, थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने 8 सितम्बर को एक युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर में नामजद आरोपी संदीप निवासी गांव चंदेना जिला सहारनपुर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया था पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मुकदमें पोक्सो एक्ट की धारा बढा दी थी । पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। इसके अलावा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित राहुल निवासी झबरपुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

बी-फार्मा तृतीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बुस.)। भोपा रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ फॉर्मेसी एण्ड वोकेश्नल स्टडीज में बी-फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रों का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें भारती टॉपर रही। श्रेष्ठता सूचि के आधार पर टॉपर्स छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह परीक्षा परिणाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ ने घोषित किया। बी-फार्मा तृतीय वर्ष की भारती 80 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, वहीं फातिमा बिन्ते असद ने 78.87 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं इशिका त्यागी ने 78.06 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर बाजी मारी। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षाफल पर बधाई दी। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारीगण एवं स्टॉफ डॉ. वैशाली, डॉ. भूवनेन्द्र सिंह, डॉ. पोपिन कुमार, डॉ. अनन्त कुमार, हरेन्द्र सिंह, कुलदीप सैनी, रवि कुमार, राबिया प्रवीन, मिनाता, मौ. सलमान, मौ. जूबैर, मौ. समी, पीयूष सिंघल, महिमा राणा, ललिन, प्रभा, नसीम, मुब्बसीर, सुबोध कुमार, विनय कुमार, विकास कुमार, सोनू सिंह, उत्सव, राहुल कुमार, सना जैदी, अक्षय वर्मा, समीर शर्मा, एलिश, स्मृति माथुर, आस्था, आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक जानेंगे बच्चों के मन की बात, स्वास्थ्य विभाग ने दिया प्रशिक्षण

- मनकक्ष में मानसिक रोगियों के मन की बात: डॉ. अर्पण जैन

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षकों को उनकी कक्षाओं में ऐसे बच्चों तक पहुंच बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई, जो किसी कारण अवसाद, नशे या आत्महत्या जैसे दुष्प्रभावों के इर्द गिर्द घूम रहे हैं। कार्यक्रम शुभारंभ क्लिनिकल फिजिक्लोजिस्ट अंशिका मलिक और संचालन साईकोथेरेपिस्ट मनोज कुमार ने करते हुए मानसिक रोगों पर प्रकाश डाला। मनोचिकित्सक डॉ. अर्पण जैन, साईकोथेरेपिस्ट मनोज कुमार, कम्यूनिटी नर्स कपिल आत्रेय व शिक्षक मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने बताया कि कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को मानसिक रोगों के बारे में प्रशिक्षण देते हुए उनकी कक्षाओं में ऐसे बच्चों तक पहुंच बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है, जो किसी कारण से अवसाद में है या फिर नशे व आत्महत्या जैसे दुस्प्रभावों के इर्द गिर्द घूम रहे हैं। ऐसे बच्चों को ढूंढकर उनकी काउंसलिंग करने के साथ उनकी जरुरत के अनुसार इलाज किया जाएगा। उधर, नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आजकल युवा अपनी पढ़ाई व भविष्य को लेकर चिंतित है, जिसके कारण वे अवसाद में चले जाते है, ऐसे में समय समय पर काउंसलिंग होना ब

रिमझिम से सड़कों पर कीचड़ के चलते जिंदगी बेहाल

पूरा दिन बौछारों और हवाओं के बीच बाजारों में पसरा सन्नाटा
दिन में पारा रात के लगभग बराबर रहने से मौसम में ठण्डक

मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)। रात में और आज दिन भर चली रिमझिम बारिश से शहर में बहुत अधिक जल भराव तो नहीं हुआ, लेकिन गड्ढों में भरे पानी में लोग छपाक छई करते रहे। बारिश लगातार जारी रहते जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और लोगों को भीगते-भागते जरूरी कामों के लिए निकलना पड़ा। स्कूल से बच्चे भीगते हुए घरों को लौटे। हालांकि इस बारिश के बाद तापमान छपाक हो गया और इसमें छह डिग्री की गिरावट से पारा 25.8 डिग्री तक आ गिरा। रात के मुकाबले आज दिन में पारा सिर्फ 2.7 डिग्री ही ऊपर खिसक पाया। शाम पांच बजे तक 23.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। लगातार रिमझिम बारिश और हवाओं के चलते मौसम काफी ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने बारिश शुक्रवार को भी जारी रहने का अनुमान जताया है।

मौसम ने एक बार फिर पलटी मारी है। बीती रात से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ तो आज दिन भर इसने रुकने का नाम नहीं लिया। इसके चलते आज सुबह से ही आसमान पर घने बादलों के साथ सूर्य भगवान अदृश्य रहे। ऐसे में थोड़ा रुक-रुक कर हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहा और कभी तेज तो कभी धीमी बौछारों में शहर भीगता रहा। बारिश की तीव्रता कम होने के कारण आज बहुत अधिक जलभराव के हालात तो नहीं बने, लेकिन तमाम जगह सड़क के किनारे और बीच में बने गड्ढों में पानी का जमाव और कीचड़ मुसीबत बन गया। इसके चलते लोगों को छपाक छई करते हुए सड़कों से गुजरना पड़ा। बारिश ऐसी थी कि इसके रुकने के आसार कम थे। ऐसे में लोगों को जरूरी कामों के लिए भीगते हुए ही सड़कों पर निकलना पड़ा। ऐसे में मुसीबत दो पहिया सवारों की अधिक थी। तमाम लोगों को बारिश में भीगते हुए निकलना पड़ा। दोपहर में स्कूल के अवकाश के समय बारिश होने के बाद बच्चे भी भीगते हुए घरों को लौटे। दिन भर सड़कों पर किच किच के हालात रहे, ऐसे में बाजारों में भी वही लोग निकले जिन्हें जरूरी काम था। शाम को जल्द ही बाजारों में सन्नाटा पसरता नजर आया। शाम पांच बजे तक नगर में कुल 23.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी, हालांकि इसके बाद भी बारिश लगातार जारी थी। बीती रात नगर में न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री था। आज दिन में अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री रहा। ऐसे में रात के बाद आज दिन में भी पारा बहुत अधिक नहीं चढ़ा और इसमें कुल 2.7 डिग्री का इजाफा हुआ। ऐसे में रात और दिन में पारा लगभग बराबर बना रहा। आज दिन में रिमझिम बारिश के साथ चली हवाओं के कारण ठंडक महसूस हुई।

स्काईमेट के अनुसार उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर स्थित है। यह मौसम प्रणाली दिल्ली के नजदीक स्थित है। बता दें, यह डिप्रेशन(मौसम प्रणाली) के दिल्ली से दूर उत्तर-पूर्व की ओर पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड की ओर मुड़ने वाला है। बता दें, इस मौसम प्रणाली के साथ भारी बारिश बेल्ट(क्षेत्र) भी शिफ्ट हो जाएगी। इस नई मौसम प्रणाली(डिप्रेशन) के साथ मानसून ट्रफ भी उत्तर की ओर खिसकेगा, जो 3,000 से 5,000 फीट के बीच के घर्षण स्तर पर असर करेगा। यह डिप्रेशन अगले 24 घंटों में तेजी से कमजोर होकर निम्न दबाव क्षेत्र में बदल जाएगा। संभावना है कि यह मौसम प्रणाली उत्तराखंड की पहाड़ियों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में टूट सकती है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी और उसके उपनगरों में मौसम की गतिविधियाँ (बारिश, आँधी, तेज हवाएं) कमजोर हो जाएंगी। 13 सितंबर के बाद इससे राहत मिलेगी। अगले सप्ताह की शुरूआत भी शुष्क (सूखी) रहेगी और बारिश होती है तो 18 सितंबर या उसके बाद ही होने के आसार हैं।



पारा 25.8/ 23.1 बारिश 23.2

जल्द ही मॉनसून की वापसी के आसार

नई दिल्ली, 12 सितंबर (एजेंसी)। मौजूदा मौसमी बदलावों और मानसून अवसाद के मार्ग को देखते हुए, मानसून की वापसी समय पर होने की संभावना है। हालांकि, मानसून की वापसी का मतलब यह नहीं है कि किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में बारिश पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसका मतलब केवल यह है कि मानसून की वापसी (विदाई) कभी भी शुरू हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून सितंबर के मध्य तक पश्चिमी राजस्थान में अपने अंतिम चरण पर पहुँच जाता है। बता दें, पहले पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी की निर्धारित तारीख 01 सितंबर थी, लेकिन 1971 से 2019 तक के आंकड़ों के आधार पर साल 2020 में मानसून की विदाई की तारीख में बदलाव किया गया। जिसमें देश के अधिकांश हिस्सों से मानसूनी वापसी की तारीखों में 7-14 दिनों की देरी हुई थी। अब नई तारीखों के अनुसार, 17 सितंबर से पश्चिमी राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू होती है। बता दें, राजस्थान से मानसून की वापसी का देश के अन्य हिस्सों से मानसून की वापसी का कोई संबंध नहीं है। तिब्बती एंटीसाइक्लोन कमजोर हो रहा है और उत्तर-पूर्व भारत की ओर खिसक रहा है। वहीं, उत्तर भारत में पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ गया है। पश्चिमी राजस्थान और आसपास के मध्य पाकिस्तान क्षेत्र में एंटीसाइक्लोनिक पैटर्न बन रहा है। सूखी उत्तर-पश्चिमी हवाएँ पश्चिमी राजस्थान में प्रवेश कर चुकी हैं और इससे नमी के स्तर में कमी आएगी। जैसलमेर, बाड़मेर, फलौदी और बीकानेर में पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं हुई है। वहीं, अगले कुछ दिनों में भी बारिश की संभावना नहीं है। उत्तर मध्य प्रदेश में स्थित मानसून प्रणाली के राजस्थान की ओर बढ़ने की संभावना नहीं है। यह प्रणाली अब उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार की ओर मुड़ने के संकेत दे रही है और वहीं पर कमजोर हो जाएगी। मानसून वापसी के समय, मौसम प्रणालियों का यह रुख वापसी की रेखा को चिह्नित करता है और इसके बाद आने वाली प्रणालियाँ इस रेखा से आगे नहीं जातीं।

सोलानी का जलस्तर बढ़ा, रास्ते जलमग्न, फसलें बर्बाद

मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)। उत्तराखंड में बरसात के बाद सोलानी नदी उफान पर आ गई। पानी नदी से बाहर निकलकर गांवों के रास्तों पर भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया। वहीं कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। वहीं खेतों में पानी भर जाने से फसलें बर्बाद हो गई हैं। पिछले करीब दो सप्ताह से नदी का जल स्तर कुछ कम होने से ग्रामीण कुछ राहत महसूस कर रहे थे। क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से नदी फिर उफान पर आ गई। बुधवार को पानी नदी से बाहर निकलकर गांव रामनगर, रजगल्लापुर, शेरपुर नंगला, आयकी आदि गांवों के जंगलों में पानी भर गया। गांव रजकल्लापुर के सरकारी स्कूल जाने वाले रास्ते में पानी भर जाने से बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ट्रेन पलटाने की साजिशों के बाद आरपीएफ ने ट्रैक पर गश्त बढ़ाई

मेरठ , 12 सितंबर (एजेंसी)। कानपुर और अजमेर में हुई ट्रेन पलटाने की साजिश की घटनाओं के बाद रेलवे के अधिकारियों ने रेल ट्रैक की सुरक्षा के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। इसके लिए रेल लाइनों पर रेलवे पुलिस बस की गश्त बढ़ाई गई है। रात में भी लगातार गश्त करने के आदेश दिए गए हैं। मेरठ आरपीएफ ने भी रेल ट्रैक पर गश्त और सतर्कता बढ़ा दी है। मेरठ आरपीएफ का क्षेत्र नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से सकौती तक है। मेरठ-खुर्जा रेल मार्ग पर उनका क्षेत्र नूरनगर स्टेशन से पहले तक है। मेरठ आरपीएफ थाने के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि दो-दो कर्मचारियों की टीमें बनाकर निगरानी कराई जा रही है।

प. बंगाल के गवर्नर ने किया सीएम का सामाजिक बहिष्कार का ऐलान

कोलकाता, 12 सितंबर (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एलान करते हुए कहा कि बंगाल समाज के साथ एकजुटता में, मैं संकल्प लेता हूं कि मैं मुख्यमंत्री का सामाजिक बहिष्कार करूंगा। सामाजिक बहिष्कार का मतलब है कि मैं मुख्यमंत्री के साथ कोई सार्वजनिक मंच साझा नहीं करूंगा और न ही मैं किसी ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लूंगा जिसमें मुख्यमंत्री शामिल हों। राज्यपाल के रूप में मेरी भूमिका संवैधानिक दायित्वों तक ही सीमित रहेगी, जिसका निर्वहन मैंने मुख्यमंत्री के संबंध में किया है। इससे ज्यादा कुछ नहीं, इससे कम भी नहीं। मुझे इस बात से बहुत दुख है कि कोलकाता में अपराध को रोकने वाले सर्वोच्च अधिकारी, कोलकाता पुलिस आयोग के खिलाफ आपराधिक प्रकृति के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

केदारनाथ की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी...रोकी गई यात्रा

रुद्रप्रयाग। ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के साथ लगातार हो रही बारिश से केदारनाथ पैदल यात्रा दिनभर बंद रही। इस दौरान पैदल मार्ग और पड़ावों पर सन्नाटा पसरा रहा। बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों के साथ ही हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी, नीती व माणा घाटी में बर्फबारी हुई। वहीं, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई। वहीं, केदारनाथ की ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी हुई। बारिश-बर्फबारी से तापमान में भी भारी गिरावट आ गई है। बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब में ठंड बढ़ गई है। बारिश के चलते लोग दिनभर अपने घरों में दुबके रहे। खराब मौसम और सुरक्षा के चलते केदारनाथ से भी किसी को नीचे की तरफ नहीं भेजा गया। यात्रा बंद होने के कारण सोनप्रयाग में लगभग 2,500 यात्री रुके हुए हैं। बृहस्पतिवार सुबह से जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग से केदारनाथ तक तेज बारिश हो रही है।

अभद्र टिप्पणी केस: कोर्ट में पेश नहीं हुई पूर्व सांसद जयाप्रदा.. 18 को सुनवाई, आजम और एसटी हसन भी हैं आरोपी

मुरादाबाद, 12 सितंबर (एजेंसी)। अभद्र टिप्पणी मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री एवं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में पेश नहीं हुईं। उनके पक्ष में गवाही देने के लिए अदालत में अधिवक्ता की ओर से प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर बहस के लिए अदालत ने 18 सितंबर की तारीख तय कर दी। 2019 लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट एमपी सिंह की अदालत में चल रही है। बृहस्पतिवार को इस मामले में जयाप्रदा को कोर्ट में हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराने थे, लेकिन वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं। जयाप्रदा के वकील वैभव अग्रवाल ने घटना के समय मौजूद चश्मदीद गवाह सैफ उल्ला खां को तलब करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। अदालत ने प्रार्थनापत्र पर बहस के लिए 18 सितंबर की तारीख तय कर दी।

एक पुरुष व 42 महिलाओं से बैंक के नाम पर फ्रॉड

मुजफ्फरनगर, 12 सितम्बर (बु.)। खादरवाला की रहने वाली खुशनुदा पत्नी इरशाद ने आरोप लगाया कि उस सहित 43 लोगों के साथ नबी हसन निवासी कृष्णापुरी ने लोन के नाम पर बड़ा फ्राड किया है। महिला का बताना है कि नबी हसन ने पांच हजार रुपये का लोन कराने के नाम पर अपने दो फर्जी मोबाइल नम्बर 8191973276, 6396890208 पर ओटीपी आने के नाम पर महिलाओं से 500 व एक हजार रुपये प्रति महिला लिए हैं। महिलाओं का कहना है कि उसने विभिन्न बैंकों के ओटीपी दिखाकर उनसे फ्राडबाजी की और उनके लाखों रुपये मार लिये। उक्त मामले में महिला खुशनुदा ने 43 महिलाओं के साइन सहित प्रार्थना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दे दिया है। महिलाओं में फात्मा, रजिया, आइशा, कौसाना, रानी, बेबी, फरहाना, शिखा, शाइस्ता, आफरीन, फिरदौस, जीनत, परवीन, हसीना, गुलिस्ता आदि मौजूद थे।

सीएम योगी बोले - 57 जनपदों, 350 तहसीलों, 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय

लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, छात्रों ने सीएम योगी के स्वागत में नृत्य प्रस्तुतियां देकर उनका दिल जीत लिया।

मेरठ में हेलीकॉप्टर लूट ले गए बदमाश

मेरठ, 12 सितंबर (एजेंसी)। 10 मई 2024 को मेरठ के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर हवाई पट्टी पर 10-15 लोग जबरन घुसे। हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोलकर ट्रक में लादने लगे। पायलट और स्थानीय कर्मचारियों ने विरोध किया तो लुटेरों ने उन्हें पीटा। दबंगों ने पायलट को धमकाते हुए कहा कि शांत खड़े रहो, वरना तेरी दोनों टांगे काट दूंगा। इसके बाद बदमाश राजस्थान नंबर के 16 टायर ट्रक पर हेलीकॉप्टर को लादकर ले गए।

पायलट रवींद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी मेरठ एयरस्ट्रिप पर हेलीकॉप्टर को मेंटेनेंस के लिए भेजती है। कंपनी का एक हेलिकॉप्टर वीटी टीटीबीबी मेरठ आया था। 10 मई 2024 को उसे हवाई पट्टी से एक मैकेनिक ने फोन कर बताया कि उनका हेलिकॉप्टर जो उस वक्त परतापुर हवाईपट्टी पर खड़ा है। कुछ असामाजिक तत्व उसके पार्ट्स खोल रहे हैं। रवींद्र सिंह मौके पर पहुंचे। देखा तो लुटेरे हेलीकॉप्टर के पुर्जों को खोल रहे थे। पायलट ने लुटेरों को रोका ने बदमाश पायलट को पीटने लगे। मारपीट के बाद बदमाश ट्रक में हेलीकॉप्टर को लादकर ले गए। पायलट ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने परतापुर थाना पुलिस को सूचना दी थी। एविएशन के अधिकारियों से भी शिकायत की लेकिन अब तक मामले में कुछ नहीं हुआ। पायलट रवींद्र सिंह ने मेरठ में परतापुर हवाई पट्टी से हेलीकॉप्टर लूट की शिकायत एसएसपी ऑफिस पहुंचकर की है। एसएसपी विपिन ताडा ने एएसी ब्रह्मपुरी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है कि 3 महीने हुए लूट की घटना की शिकायत अब क्यों दर्ज कराई गई? सीओ ब्रह्मपुरी ने बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीम भी गठित कर दी है। घटना की जांच कर रहे सीओ ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पीड़ित की तरफ से बयान दर्ज कर लिए गए हैं। जांच के लिए मुझे जिम्मेदारी दी गई है। लूट की पूरी घटना 10 मई 2024 की है। पीड़ित ने इतने दिनों बाद शिकायत क्यों की है. इसकी भी जांच की जा रही है।

इंदौर रद्द, कई रेलगाड़ियां घंटों विलंब से पहुंची

मुजफ्फरनगर, 12 सितंबर (बु.)। एक महत्वपूर्ण रेलगाड़ी रद्द रहने तथा कई गाडियों के घंटों देरी से पहुंचने के कारण आज यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई। गुरुवार को अमृतसर से इंदौर जाने वाली इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन के रद्द रही। इसके अलावा दूसरी तमाम महत्वपूर्ण रेलगाडियां काफी देरी से पहुंची। इसके कारण इन रेलगाडियों में सवार होने गए यात्रियों को भारी मुश्किलों का का सामना करना पडा। आज यहां आने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से पहुंची पहुंची। गुरुवार को पुरी से ऋषिकेश जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस चार घंटे, मुंबई से अमृतसर जाने वाली गोल्डन टैंपल चार घंटे, कोरवा से अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस तथा प्रयागराज से सहारनपुर जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस डेढ़ घंटा लेट पहुंची। इसके चलते काफी यात्रियों को बसों से सफर करना पडा। बताया जा रहा है कि बदले मार्गों से चलाए जाने के कारण यह रेलगाडियां प्रभावित हो रही हैं। कई को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी और कई को दूसरे माध्यमों से गंतव्य की ओर जाना पड़ा।

भाजपा विधायक ने एसडीएम के सामने पर्चा छीना, सपाइयों के हंगामा करने पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

लखीमपुर, 12 सितंबर (एजेंसी)। लखीमपुर के फूलबेहड़ सहकारी समिति पर गुरुवार को नामांकन के दौरान श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक मंजू त्यागी ने सदर एसडीएम अश्वनी सिंह के सामने आरओ से नामांकन पत्र छीन लिया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद सपाइयों ने सत्ता पक्ष व पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की होने लगी। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। काफी देर बाद मामला शांत हो सका।

सहकारी समितियों के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया बृहस्पतिवार को शुरू हो गई। अन्य जगह तो नामांकन शांतिपूर्ण हुए, लेकिन फूलबेहड़ समिति पर भारी बवाल हो गया। समिति के अंदर जाने को लेकर गेट के पास खड़े सपा पदाधिकारियों व उनके समर्थकों से पुलिस-प्रशासन की कई बार धक्का-मुक्की और कहासुनी भी देखने को मिली। पूर्व सपा विधायक राम सरन, विनय तिवारी ने पुलिस प्रशासन पर सत्ता पक्ष के इशारे पर चुनाव में धांधली कराने का आरोप लगाया। समिति के अंदर जाने और नामांकन पत्रों को जल्द वितरण करने की मांग कर हंगामा शुरू कर दिया। चुनाव अधिकारी को बुलाने पर अड़ गए। सीओ धौरहरा पीपी सिंह ने नियमावली समझाते हुए परिसर से 200 मीटर दूर रहने को कहा। एसडीएम सदर अश्वनी सिंह ने जैसे-तैसे मामला शांत करने की कोशिश की। उम्मीदवार आकाश सिंह ने विधायक मंजू त्यागी पर नामांकन पर्चा फाड़ने और अभद्रता करने का आरोप लगाया। इसी बीच 18 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में विधायक मंजू त्यागी दिख रही हैं, जो आरओ के पास से पर्चा छीनते हुए दिख रही हैं। वीडियो में सदर एसडीएम, पुलिस सहित काफी भीड़ नजर आ रही है। इधर, घटना के संबंध में एसडीएम, एआर कोऑपरेटिव रजशीन प्रताप सिंह से जानकारी चाही, लेकिन फोन नहीं उठ सका।

पर्युषण महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
छठा धर्म - उत्तम संयम
जैन धर्म में संयम धर्म को लिखते हुए बहुत ही उत्साह हो रहा है। व्यवहार में संयम शब्द को हम सब्र, धैर्य, धीरता आदि से मानते है लेकिन ऐसा बिलकुल नही है। संयम धर्म को समझने हेतु हमे जीवआत्मा के सात शरीरों में से, जो तीसरा शरीर है (अतिसूक्ष्म शरीर) उसकी पावर को समझना होगा। पहला स्थूल शरीर और दूसरा भाव शरीर, दोनों की चर्चा मैने पिछले लेख में की है। तीसरा अतिसूक्ष्म शरीर जिसके बारे में हम कुछ नही जानते। तीसरा शरीर मात्र तरंगो का एक पुंज है। न वहाँ काम है, न क्रोध है, न लोभ है कुछ भी नही है, बस ऊर्जा रूप है। ऐसे समझों जैसे तीसरा शरीर एक बिजली घर है जहाँ से ऊर्जा का वितरण भाव शरीर से होता है और अंत में प्रतिक्रिया स्थूल शरीर से होती है। जैसे बिजली आने पर टीवी, फ्रिज, AC अपना अपना काम करते है वैसे ही मनुष्य की ऊर्जा क्रोध, लोभ , काम आदि में बदल जाती है और उसकी सारी ऊर्जा इन्ही कामों में लगी रहती है।
कुछ संतो और महापुरुषों ने काम-क्रोध जैसी चीजो पर कण्ट्रोल या दमन करने की बात कही है लेकिन मै इस बात से इत्तेफाक नही रखता। जो व्यक्ति दमन का अभ्यास करता है उसका क्रोध या काम व्यक्ति के दूसरे शरीर तक पहुंच जाता है यानि उसने अपने स्थूल शरीर पर नियंत्रण किया जिससे उसको शुगर / BP जैसे बीमारी भी हो सकती है। संयम का तात्पर्य है तरंगो को तीसरे शरीर से उठने न दें जो कि एक गृहस्थ जीवन में किया जा सकता है। इसके लिए अभ्यास की जरूरत है। हमारे और आपके बीच में बहुत सारी भव्य आत्माएं है, जो जाने-अनजाने में तीसरे शरीर में निवास करती है। फर्क इतना है किसी को पता होता है और किसी को नही।

जय जिनेन्द्र!
डॉ. प्रदीप जैन लेखक चेयरमैन
Sanmati Institute of Learning

मुख्यमंत्री केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली, 12 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल की जमानत की मांग और इसी मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर शुक्रवार 13 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की बेवसाइट के मुताबिक न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ अपना फैसला सुनाएगी। याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिघवी और सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें के बाद पीठ ने पांच सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आम आदमी पार्टी के प्रमुख श्री केजरीवाल ने सीबीआई मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 05 अगस्त को अपनी याचिकाएं ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

अखिलेश यादव बोले- भाजपा ने प्रदेश को फेक एनकाउंटर की राजधानी बना दिया

लखनऊ, 12 सितंबर (एजेंसी)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। सुल्तानपुर डकैती कांड में मंगेश यादव को घर से उठाकर मार दिया गया। मंगेश की हत्या की गई है। एनकाउंटर के समय जो पुलिसकर्मी था वो चप्पल में था। यूपी में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं। अभी तक एनकाउंटर में सबसे ज्यादा पीडीए के लोग मारे गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अयोध्या में जमीनों की लूट की है। इसमें अधिकारी भी शामिल हैं। गरीबों की जमीन सस्ते दामों पर ली और फिर सर्किल रेट बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाया जाना चाहिए। इसके लिए दिमाग लगता है। जब हमारी सरकार आएगी तो अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाएंगे। गरीबों को अगर सर्किल रेट बढ़ाकर दाम देना पड़ेगा तो देंगे। समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा नेता पवन पांडेय ने अखिलेश यादव की प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी है। भाजपा नेताओं ने अयोध्या में सेना की जमीन कब्जा ली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जमीन कब्जाने का काम भाजपा नेता, सरकार और अधिकारी मिलकर कर रहे हैं। सपा नेता ने आरोप लगाया कि विकास की परियोजनाओं के बहाने गरीबों की जमीन को लूटा जा रहा है। कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने रजिस्ट्री के कागज मीडिया में भी दिखाए और अखिलेश यादव को सौंपे। यूपी विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने योगी सरकार पर फर्जी एनकाउंटर करवाने के आरोप लगाए। कहा कि कुछ लोगों को पकड़कर हाथ-पांव बांध दिए जाते हैं और गोली मारकर घायल कर दिया जाता है।

मंगेश यादव के बाद अब फिरोजाबाद में लगा फर्जी एनकाउंटर का आरोप

मैनपुरी, 12 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में हुए मंगेश यादव के एनकाउंटर को लेकर राजनीति हो रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान के बाद पलटवार भी हो रहा है। अब इसी बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के क्षेत्र में फर्जी एनकाउंटर का मामला सामने आया है। मैनपुरी के बरनाहल थाना क्षेत्र निवासी हिस्ट्रीशीटर की मां ने फिरोजाबाद पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विधानसभा करहल क्षेत्र के सलूकनगर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर गौरव यादव को फिरोजाबाद पुलिस ने नगला खंगर थाना क्षेत्र में 29 अगस्त को मुठभेड़ दिखाकर गिरफ्तार किया था। इसमें गौरव और उसके साथी नगला खुशाली निवासी शरीफ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों के पैर में गोली लगी थी। उन पर चार अगस्त को सिरसागंज के व्यापारी राजेश जैन से सात लाख रुपये की लूट करने का आरोप है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने लुटेरों की पहचान की थी। मामले में अब बुधवार को नया मोड़ गया है। हिस्ट्रीशीटर गौरव यादव की मां मिथिलेश देवी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस उनके बेटे को आठ दिन पहले 21 अगस्त को उठाकर ले गई थी। इसके बाद से लगातार वे पुलिस के संपर्क में थीं। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि उनके बेटे को कुछ नहीं करेंगे। इसके एवज में एक पुलिसकर्मी पर उन्होंने 1.80 लाख रुपये की रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि आठ दिन बाद पुलिस ने उनके बेटे को गोली मार दी। उन्होंने मामले में न्याय किए जाने की मांग की है। मामला सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के क्षेत्र का होने का चलते चर्चा जोरों पर है।

किशोरी को घर से उठाकर ले गए 11 लोग, कराया निकाह

शामली, 12 सितम्बर (बु.)। कैराना के एक गांव की किशोरी का अपहरण कर जबरदस्ती निकाह करने के मामले में पति समेत 11 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 सितंबर को सुक्का, असलम, अरशद, सद्दाम, कौश